संसद भवन परिसर में व्यापक स्वच्छता और विसंक्रमण अभियान चलाया गया

नई दिल्ली, 21 मार्च 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के निर्देश पर आज संसद भवन परिसर में व्यापक स्वच्छता और विसंक्रमण अभियान चलाया गया।

इससे पहले, लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने कल नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) को फैलने से रोकने के लिए संसद भवन परिसर में की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि इस रोग की रोकथाम के लिए जागरूकता और संयम बहुत आवश्यक है। उन्होने यह आशा व्यक्त की कि सभी देशवासियों के सामूहिक प्रयासों से देश में कोविड -19 का मुक़ाबला किया जाएगा। इसके बाद अपने कक्ष में हुई एक बैठक के दौरान, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आने वाले सप्ताहांत में पूरे संसद भवन परिसर को साफ-सुथरा करने और संक्रमणमुक्त रखने के लिए व्यापक प्रयास किए जाएंगे।

इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि श्री बिरला ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) को समाप्त करने के लिए आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए 17 मार्च 2020 को भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।